# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 2 मार्च, 2016/12 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 29**

----

### ई0एस0आई0सी0 मैडिकल कॉलेज

***2668 श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मण्डी जिला के अन्तर्गत नेरचौक में Employees State Insurance Corporation मैडिकल कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर भवन का उद्घाटन कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस मैडिकल कॉलेज को कब तक शुरू करने का विचार रखती है ?

----

### जंगली जानवरों की संख्या

***2669 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.1.2016 तक प्रदेश में जंगली जानवरों की गिनती कब-कब की गई, इनमें बदरों, जंगली सुअरों और नील गायों की कितनी-कितनी संख्या है; ब्यौरा दें;

(ख) इन जानवरों से विशेष कर बंदरों/सुअरों से प्रति वर्ष कितनी फसलों को नुकसान होता है;

(ग) प्रदेश में बंदरों की नसबंदी हेतु कितने केन्द्र हैं; ब्यौरा स्थान सहित दें;

(घ) तीन वर्षों में कितने बंदरों को पकड़ कर नसबंदी की गई; ब्यौरा केन्द्रवार दें; और

(ड.) किन-किन क्षेत्रों से बंदर पकड़े गए व बाद में किस स्थान पर छोड़े गए; ब्यौरा दें?

----

## कैंसर के कारण मृत्यु

***2670 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत स्नेड़ में 18 लोगों की कैंसर से मृत्यु हो चुकी है; और

(ख) यदि हां, तो BBNDA के अन्तर्गत कैंसर से मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या के दृष्टिगत क्या विभाग ने सर्वेक्षण करवाया है; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## नोटिस पर कार्रवाई

***2671 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नगर परिषद कुल्लू द्वारा लोअर ढालपुर में सरवरी नदी के तट पर बाढ़ नियंत्रण हेतु क्रेटों को तोड़कर नदी के बीच में फाऊंडेशन खोदकर पार्किंग का निर्माण किया गया है जिससे एकान्त आश्रम, वर्तमान बस अड्डा और अन्य आबादी हेतु नदी का रूख बदलने से बह जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस संदर्भ में National Green Tribunal को शिकायत की गई है और Town and Country Planning विभाग द्वारा दिये गये नोटिस की भी नगर परिषद ने अवहेलना की है; यदि हां, तो सरकार ने इस संदर्भ में क्या कार्रवाई की है; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

***2672 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में शिमला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल का नया भवन निर्माणाधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा;

(ग) इस भवन में गाड़ियों की पार्किंग के लिए कितनी मंजिलें रखी गई हैं तथा कितने वाहन पार्क होंगे; और

(घ) इस भवन में क्या-क्या सुविधाएं मरीजों को प्राप्त होंगी; ब्यौरा दें ?

----

## Vacancy Position

***2673 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Cooperation Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that many Ayurveda Centres are not fulfilling the criteria of population in tribal areas;

(b) If yes, whether the Government will consider giving relaxation for opening of these centres in distant areas having adverse climatic conditions; and

(c) what is the position of vacant posts in the Department of Ayurveda in District Lahaul & Spiti; details be given?

----

## मल प्रवाह योजना तलाई

***2674 श्री रिखी राम कौंडल(झण्डुता) :**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) NAC तलाई हेतु सीवरेज योजना कब स्वीकृत की गई व इसके लिए कितना धन स्वीकृत किया गया;

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें; और

(ग) निर्माणाधीन सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तलाई की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## फिल्टर का प्रावधान

***2675 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र में कितनी पेयजल योजनाएं ऐसी हैं जो बिना फिल्टर के संचालित की जा रही हैं; ब्यौरा योजनाओं के नाम सहित दें;

(ख) सरकार कब तक इन योजनाओं में फिल्टर लगाने का विचार रखती है; और

(ग) ऐसी कौन-कौन सी योजनाएं हैं जो remoulding हेतु due हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## मल-प्रवाह योजना

***2676 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में मल-प्रवाह योजना हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

***2677 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत पतलीकूहल में PHC खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

***2678 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यरत हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) सरकार इन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किसी नीति के अन्तर्गत पक्का करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या तीसा पंचायत के नाल गांव में भी आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## सामाजिक सुरक्षा पैंशन

*2679 **श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**
**श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 से 31 जनवरी, 2016 तक प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजना (सभी श्रेणियों) के अन्तर्गत कितने आवेदन प्राप्त हुए; इनमें से कितने लोगों को पैंशन उपलब्ध करवाई गई और कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा जिलाशः वर्षवार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान इस योजना (सभी श्रेणियों) के अन्तर्गत कितने मामले 80 वर्ष से ऊपर की आयु के आवेदकों के हैं; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) इस अवधि में सभी श्रेणियों को पैंशन का भुगतान/वितरण किन-किन एजैंसियों के माध्यम से किया गया तथा बकाया पैंशन का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा ?

----

## उपायुक्त कार्यालयों में नियुक्तियां

*2680 **श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में उपायुक्त कार्यालयों में जिला ई-गवर्नैंस सोसाईटी के माध्यम से भिन्न-भिन्न श्रेणियों की नियुक्तियां की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक सोसाईटी में कितने कर्मचारी श्रेणीवार नियुक्त किये गए और उनको कितना-कितना वेतन दिया जा रहा है;

(ग) कितने कर्मचारियों ने 8 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है और उन्हें अभी तक नियमित नहीं किया गया है; और

(घ) सरकार क्या उपायुक्त कार्यालयों में रिक्त पदों के विरूद्ध इनकी सेवाएं स्थाई तौर पर लेने का विचार रखती है?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***2681 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल व सिंचाई योजनाओं को कितनी-कितनी धनराशि कब-कब और किस-किस योजना के अन्तर्गत स्वीकृत हुई:-

(i) कुटैहला, तनबौल, राली उठाऊ पेयजल योजना;

(ii) तनबौल-जगातखाना उठाऊ सिंचाई योजना; और

(ख) इन योजनाओं के निर्माण कार्य के लिए कब-कब टैण्डर किए गए और इनके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## बिरोजा फैक्ट्री नाहन

***2682 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि माह फरवरी, 2015 में बिरोजा फैक्ट्री नाहन में अकुशल श्रमिकों की भर्ती की गई थी;

(ख) यदि हां, तो भर्ती के समय कुछ प्रार्थियों को शारीरिक मानदण्ड पूर्ण न होने पर भी भर्ती किया गया; जिसकी शिकायत वन विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को की गई थी; और

(ग) प्रार्थी जो शारीरिक मानदण्डों को पूर्ण नहीं करते थे; उन्हें भर्ती करने का क्या कारण रहा; ब्यौरा दें?

----

## चम्बा में बन्दोबस्त

***2683 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि जिला चम्बा में बन्दोबस्त वर्ष 1952-54 में हुआ था; यदि हां, तो 64 वर्ष उपरान्त पटवारखानों में लट्ठे फट चुके हैं; जमीनी हालत बदल गए हैं और नियमानुसार 50 वर्ष के बाद बन्दोबस्त का होना अनिवार्य है; और

(ख) सरकार इसके दृष्टिगत जिला चम्बा का बन्दोबस्त कब तक करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल समस्या का समाधान

***2684 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 31 जनवरी, 2016 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने गांव हैं जहां पेयजल की समस्या है; ब्यौरा गांव के नाम सहित दें;

(ख) सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए क्या योजना बनाई है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इस क्षेत्र की निम्न पेयजल एवं उठाऊ पेयजल योजनाओं का निर्माण कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है:-

(i)पेयजल योजना मौवीसेरी व तरौर;

(ii)उठाऊ पेयजल योजना- ज्यूणी खड्ड;

(iii)उठाऊ पेयजल योजना- चैल चौक;

(iv)उठाऊ पेयजल योजना- बाढू व दुगराई;

(v)उठाऊ पेयजल योजना- कोट,तरडाली,स्योसी,घोडीपधर तथा स्यांजी; और

(vi)उठाऊ पेयजल योजना- छलकी, छम्यार व रेफल; ब्यौरा दें?

----

## अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण

***2685 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि हाल ही में शिमला व प्रदेश के अन्य भागों में पीलिया फैलने के परिणामस्वरूप आई0पी0एच0 व अन्य विभागों के कितने-कितने अधिकारियों/कर्मचारियों को स्थानान्तरित किया गया, कितने सस्पेंड किए गए; किन-किन को गिरफ्तार किया गया या अन्य कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा नाम व पदनाम सहित दें?

----

## उठाऊ सिंचाई योजनाएं

***2686 श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सिराज़ विधान साभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वगस्याड़-सुनास व गांव शिकावरी हेतु उठाऊ सिंचाई योजनाओं का शिलान्यास कब-कब किया गया; और

(ख) इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## उठाऊ सिंचाई योजना का निर्माण

***2687 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गम्बर खड्ड पर बनने वाली उठाऊ सिंचाई योजना जो विधायक प्राथमिकता में डाली गई है का निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जायेगा?

----

## Supply of Pipes

***2688 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that during summer there is lot of demand for loose pipes by the farmers for irrigation purposes in the Pradesh; and

(b) if yes, whether the Govenment is making provision to provide extra pipes for Keylong and Kaza Division as per demand of Public ?

----

## अस्पताल की स्वीकृति

***2689 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चम्याणा-मल्याणा में IGMC से सम्बद्ध अस्पताल खोला जाना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इसकी DPR तथा FCA clearance सरकार ने अनुमोदित कर दी है; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

***2690 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सिविल अस्पताल मनाली में विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सकों व पैरा-मैडिकल स्टाफ के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा पदवार दें; और

(ख) इनमें से कितने पद भरे हुए हैं और रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## कर्मचारियों की रिक्तियां

***2691 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत तीन वर्षों में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में कितने पद Pipe Fitter व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पड़े हैं; ब्यौरा जिला व मण्डलवार दें; और

(ख) सरकार जिला चम्बा में इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

***2692 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत तीन वर्षों में जिला सिरमौर में कितने हैण्डपम्प लगाए गए;

(ख) इनमें से कितने पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लगाए गए; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें;

(ग) इनमें से कितने हैण्डपम्प चालू हालत में हैं तथा कितने खराब हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) हैण्डपम्प लगाने तथा allocate करने का क्या criteria है; प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

***2693 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जिला ऊना में कार्यरत क्षेत्रीय अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

और सिविल डिस्पैन्सरियों में कितने डॉक्टर, नर्सिज़, फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ के पद स्वीकृत तथा रिक्त हैं और कितने आयुर्वैदिक चिकित्सक कार्यरत हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें ?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

***2694 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) NAC सरकाघाट में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ख) इनमें से कितने पद भरे हुये हैं और कितने रिक्त हैं; और

(ग) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***2695 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विधायक प्राथमिकता में डाली गई पेयजल और सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## कनिष्ठ प्रारूपकार के पद पर पदोन्नति

***2696 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न मण्डलों में कनिष्ठ प्रारूपकारों का कार्य प्रशिक्षित प्रारूपकार कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्क इन्सपैक्टर, फीटर या कम्पलैंट अटेंडैंट से यह कार्य किस आधार पर करवाया जा रहा है; और

(ग) सरकार क्या इन्हें कनिष्ठ प्रारूपकार के पद पर पदोन्नत करने का विचार रखती है ?

----

**शिमला: 171004.** — **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांक: 15 फरवरी, 2016 .** — **सचिव।**